उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक : 4738 /चयन/2019–20 दिनांक 18.03.2020

विज्ञप्ति

विज्ञप्ति संख्या : 4607/चयन/2019–20/दिनांक 28.02.2020 एवं विज्ञप्ति संख्या : 4608/चयन/2019–20 दिनांक 28.02.2020 द्वारा विज्ञापन संख्या–01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक कृषि, वाणिज्य, बांग्ला, संगीत गायन, संगीत वादन, सिलाई, उर्दू एवं गणित विषयों का पैनल उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम–12 (8) के अन्तर्गत दिनांक 28.02.2020 को घोषित किया गया था।

पैनल तैयार करने संबंधी दिशा–निर्देशों/क्षैतिज आरक्षण के क्रियान्यवन सम्बन्धी निर्देशों का पालन न होने के कारण अधोलिखित विषयों के पूर्व घोषित पैनल में कतिपय विसंगतियाँ दृष्टिगोचर हुई हैं जिसके कारण बोर्ड द्वारा इन विषयों के पैनल को संशोधित करने का निर्णय लिया गया है। बोर्ड द्वारा लिए गए निर्णय के क्रम में एतद्द्वारा निम्नलिखित विषयों के संशोधित पैनल तथा उपर्युक्त सभी 08 विषयों की मेरिट सूची कटऑफ सहित दिनांक 18.03.2020 को प्रकाशित कर दिया गया है –

1. गणित
2. वाणिज्य (बालक वर्ग)
3. कृषि (बालक वर्ग)

पैनल दिनांक 18.03.2020 के कालम 'SELECTION AS' में जिनके सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST) अंकित नहीं है उनके नाम 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत प्रदर्शित हैं, इस श्रेणी के अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन बोर्ड द्वारा नहीं किया जाना है। घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके नाम के सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST) प्रदर्शित है, उनका संस्था आवंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप उपरोक्त नियमावली, 1998 के नियम–12 (10) के अनुसार बोर्ड द्वारा बाद में किया जायेगा।

नियम 12 (10) के अन्तर्गत आवंटित संस्था में यदि कोई चयनित अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहेगा, तो उसके स्थान पर पैनल में उल्लिखित 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत अंकित अभ्यर्थियों के नाम में से योग्यता क्रम से संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियमावली 1998 के नियम 13 (3) के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना अपेक्षित होगा।

18-03-2020

(नवल किशोर)
उप सचिव